◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

पुरानी रंजिश में दूध डेयरी संचालक पर जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी



अमेठी। जनपद के फुरसतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजयपुर मजरे पीढी में पुरानी रंजिश को लेकर एक दूध डेयरी संचालक के साथ बेरहमी से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, ग्राम बिजयपुर मजरे पीढी निवासी अशोक कुमार गांव में ही दूध डेयरी का संचालन करते हैं। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रहने वाले दीपाकर (पुत्र मनोज कुमार) ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर अशोक कुमार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में डेयरी संचालक को चोटें आई हैं।

जान से मारने की धमकी


पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है।

पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद पीड़ित अशोक कुमार ने फुरसतगंज थाने में पहुंचकर नामजद आरोपी दीपाकर और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर दी है। इस संबंध में फुरसतगंज पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

— ashif

बच्ची की मौत के बाद अस्पताल के स्टाफ़ द्वारा परिजनों को धमकाया जा रहा, शव सौंपने में आनाकानी का आरोप; परिजनों को बंधक बनाने का दावा*



दुबग्गा लखनऊ

दुबग्गा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुखार से पीड़ित बच्ची की मौत के बाद मामला गरमा गया है।

परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बच्ची की मौत के बाद अस्पताल का स्टाफ उसका शव सौंपने में आनाकानी कर रहा है। इतना ही नहीं, परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने उन्हें अस्पताल में ही रोककर बंधक बना रखा है।

बताया जा रहा है कि बच्ची के इलाज के नाम पर परिजनों को करीब 1 लाख 73 हजार रुपये का बिल थमाया गया था। बिल का भुगतान न कर पाने के कारण अस्पताल प्रबंधन द्वारा बच्ची को डिस्चार्ज न करने और परिजनों को परेशान करने के आरोप भी लगाए गए हैं।

अब बच्ची की मौत के बाद शव सौंपने में कथित आनाकानी ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

पीड़ित परिवार ने दुबग्गा पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। परिजनों का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

वहीं, परिजनों ने पुलिस पर अस्पताल संचालक को थाने में बैठाकर संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बच्ची की मौत के बाद शव परिजनों को सौंपने में देरी क्यों की जा रही है? शिकायत मिलने के बाद भी मामले में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग उठ रही है।

— ashif

स्थानीय

सिकंदराराऊ: तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने भेलपूरी ठेल में मारी टक्कर, ठेल चकनाचूर - संचालक घायल, चालक मौके से फरार



सिकंदराराऊ में देर शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अपने घर लौट रहे भेलपुरी ठेल संचालक योगेंद्र गुप्ता की ठेल में पीछे से आई तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ठेल पूरी तरह चकनाचूर हो गई और उस पर रखा सामान सड़क पर बिखर गया। हादसे में योगेंद्र गुप्ता भी घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल की मदद की। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने बिखरे सामान को समेटने में मदद की।

पीड़ित ने सिकंदराराऊ थाने में तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब मामले की जांच करते हुए फरार स्कॉर्पियो चालक की तलाश में जुटी है।

— Harshit

शाहबाद: इस्लामिया स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी में चमके छात्र, छात्राएं पर्यावरण और तकनीक पर पेश किए शानदार मॉडल



शाहबाद: इस्लामिया स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी में चमके छात्र, छात्राएं पर्यावरण और तकनीक पर पेश किए शानदार मॉडल

शाहबाद से राशिद अल्वी की रिपोर्ट

शाहबाद नगर के इस्लामिया स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित एक से बढ़कर एक बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पति वसीम खान ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न मॉडलों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से उनकी कार्यप्रणाली व उपयोगिता के बारे में जानकारी ली।

बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक तकनीक, ऊर्जा के उपयोग और रोजमर्रा की जिंदगी में विज्ञान की उपयोगिता पर आधारित आकर्षक मॉडल बनाए। मुख्य अतिथियों और आगंतुकों ने विद्यार्थियों के इस हुनर और उनके काम की जमकर सराहना की।

वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा बढ़ाना शिक्षा का मुख्य उद्देश्य

जीआईसी कॉलेज के प्रिंसिपल नसीहत मियां ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान देना नहीं है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नई चीजें सीखने की जिज्ञासा विकसित करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनियाँ विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ नए प्रयोग करने, वैज्ञानिक सोच अपनाने और मेहनत व लगातार प्रयास से सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट मॉडल पेश करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि और अन्य आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। इस सफल आयोजन के दौरान विद्यालय के शिक्षक, छात्र और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

— Rashid albi

खेल

भारत ने पाकिस्तान को हराकर अंडर-१९ एशिया कप में नौवीं जीत हासिल की, आर्यवीर सहवाग बने मैन ऑफ द सीरीज



पाकिस्तान को हराकर भारत ने 9वीं बार जीता अंडर-19 एशिया कप, आर्यवीर सहवाग बने मैन ऑफ द सीरीज

ओमान। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया कप 2026 के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस रोमांचक जीत के साथ भारत ने नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप जीतकर इतिहास रच दिया।

फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 337 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में 50 ओवर में 9 विकेट पर 339 रन बनाकर जीत दर्ज की।

भारत की इस ऐतिहासिक जीत में युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग का बल्ला जमकर चला। उन्होंने पूरी सीरीज में 361 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मोहित उल्वे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

भारत की इस शानदार उपलब्धि से देशभर में खुशी और उत्साह का माहौल है। युवा खिलाड़ियों के जज्बे, मेहनत और शानदार खेल ने करोड़ों भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया।

पुरस्कार विजेता:

- मैन ऑफ द मैच – मोहित उल्वे
- मैन ऑफ द सीरीज – आर्यवीर सहवाग (361 रन)

भारतीय विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

जय हिंद! जय भारत!

शैलेष गुप्ता महाजन

जिला न्यूज़ रिपोर्टर

Need24 News Etah UP

#U19AsiaCup #TeamIndia #INDvsPAK #AryaveerSehwag #MohitUlve #Champions

— शैलेष गुप्ता महाजन

#INDvsPAK #AryaveerSehwag #MohitUlve #Champions

— शैलेष गुप्ता महाजन

खेल

भारत ने पाकिस्तान को हराकर अंडर-19 एशिया कप 2026 में नौवीं बार खिताब जीता, आर्यवीर सहवाग बने श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने ओमान में आयोजित एशिया कप 2026 के फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर अपना नौवां खिताब सुरक्षित किया। यह जीत भारत को अंडर-19 एशिया कप में इतिहास रचने वाला बना देती है।

फाइनल में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 337 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 339 रन बनाकर अंतिम गेंद तक मुकाबला जारी रखा और जीत हासिल की।

पूरे टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग ने 361 रन बनाकर श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मोहित उल्वे को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस जीत से देशभर में उत्साह का माहौल बन गया है, और युवा खिलाड़ियों की मेहनत व जज़्बे को सराहा गया है। भारतीय टीम, कोच और सहयोगी स्टाफ को हार्दिक बधाई।

— शैलेष गुप्ता महाजन

खेल

वाराणसी के नमो घाट में बाल दिवस पर वामा खेलोत्सव-2026 के विजेता बच्चों को सम्मानित



वाराणसी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में नमो घाट पर २० सितम्बर २०२६ को आयोजित वामा खेलोत्सव-2026 का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वाराणसी पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस महानिदेशक नवीन अरोरा ने विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान किए।

वामा खेलोत्सव-2026 के अंतर्गत ४० मीटर, ५० मीटर और १०० मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। ४० मीटर दौड़ में कृष एवं आयांशी, ५० मीटर दौड़ में शाश्वत एवं श्रेया तथा १०० मीटर दौड़ में यश सिंह एवं तान्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन छह बच्चों को विशेष सम्मानित किया गया।

विजेता बच्चों के साथ सभी भाग लेने वाले प्रतियोगियों को भी उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनमें खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना था।

— Kailash Chandra Gupta, वाराणसी

सिकंदराराऊ: धूमधाम से मना बाल दिवस, फूड स्टॉल और खेलों में बच्चों ने जमकर की मस्ती; अमोल चंद पब्लिक स्कूल में लगा मेला



सिकंदराराऊ में शनिवार को बाल दिवस के मौके पर स्कूलों में जमकर उत्साह और उमंग देखने को मिली। अमोल चंद पब्लिक स्कूल, सिकंदरा राव पब्लिक स्कूल, राजकमल और सरस्वती विद्या मंदिर समेत कई विद्यालयों में बच्चों ने धूमधाम से बाल दिवस मनाया।

अमोल चंद पब्लिक स्कूल में बच्चों ने तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाए। जहां छोटी-छोटी कीमतों पर छात्रों ने अपने पसंदीदा चटपटे व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। एक छात्र ने बताया कि आज जवाहरलाल नेहरू जी का बर्थडे है, तो हमारे स्कूल में स्टॉल लग रही है, मैंने सोडा का स्टॉल लगाया है।

इसके साथ ही गेम्स और मनोरंजक खेलों ने बच्चों की खुशियों को और बढ़ा दिया। पूरे परिसर में बच्चों की मस्ती और उत्साह देखने लायक रहा।

वहीं एक अन्य छात्रा ने बताया कि आज 14 नवंबर है, चिल्ड्रेन्स डे है, तो हमने इसके उपलक्ष में लकी ड्रॉ की स्टॉल लगाई है। इसमें पर्ची निकालिए और इनाम जीतिए।

बच्चों ने फूड स्टॉल के साथ-साथ झूले, खेल और लकी ड्रॉ का भी जमकर आनंद लिया। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और बाल दिवस के महत्व के बारे में बताया।

— Harshit

यातायात माह के तहत पुलिस लाइन उरई में प्राथमिक उपचार एवं सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।



उरई, जालौन। यातायात माह नवंबर-2026 के अंतर्गत शनिवार, 14 नवंबर को पुलिस लाइन सभागार, उरई में सड़क सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजीव शर्मा, प्रभारी निरीक्षक यातायात वीर बहादुर सिंह तथा चिकित्सक डॉ. गोपाल सोनी एवं डॉ. हरिप्रसाद कुशवाहा अपनी चिकित्सकीय टीम के साथ मौजूद रहे। चिकित्सकों की टीम ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार देने, रक्तस्राव रोकने, सीपीआर (CPR) देने तथा घायलों को सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। गोल्डन आवर का बताया महत्व प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना के बाद के शुरुआती महत्वपूर्ण समय यानी गोल्डन आवर (Golden Hour) के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय रहते प्राथमिक उपचार और उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाई जा सकती है। इसलिए आपातकालीन परिस्थितियों में घबराने के बजाय सही तरीके से तत्काल मदद करना बेहद जरूरी है। यातायात नियमों के पालन की अपील कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात संकेतों एवं नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अलावा आमजन को सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की मदद के लिए आगे आने, तत्काल पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना देने और घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित करना तथा आमजन में सड़क सुरक्षा और दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित करना रहा। अंत में यातायात पुलिस जनपद जालौन ने आमजन से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें, क्योंकि आपका छोटा-सा प्रयास किसी की अनमोल जिंदगी बचा सकता है।

यातायात पुलिस जनपद जालौन का संदेश — सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा।

— Pankaj Gupta

थाना दिवस में मंडलायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



कालपी (जालौन)। शनिवार, 14 नवंबर 2026 को थाना कालपी परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान झाँसी मंडल के मंडलायुक्त कृष्ण कुमार एवं जालौन के पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। थाना दिवस के अवसर पर मंडलायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का मौके पर ही त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण में आपसी समन्वय बनाए रखने, लंबित मामलों को निर्धारित समयसीमा में निपटाने तथा आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न किए जाने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। शेष लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी, क्षेत्राधिकारी कालपी, प्रभारी निरीक्षक थाना कालपी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

— Pankaj Gupta

शिक्षा

बाल दिवस पर मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मेडल एवं पुरस्कार देकर बढ़ाया उत्साह




कालपी (जालौन)। बाल दिवस के अवसर पर सर्वोदय शिक्षण संस्थान एवं एस.पी. बालिका इंटर कॉलेज, कालपी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्राओं को मेडल और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने छात्राओं की शैक्षणिक उपलब्धियों और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बेटियां शिक्षा, संस्कार और अपनी प्रतिभा के बल पर निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक ने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उनका सर्वांगीण विकास समाज एवं देश की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बेटियां पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी, तभी देश का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनेगा।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी सम्मानित छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए जीवन में निरंतर सफलता हासिल करने और अपने परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

— Pankaj Gupta

छठ पूजा पर कानपुर नगर में 16 नवंबर को रहेगा स्थानीय अवकाश, कार्यालय आदेश जारी।



कार्यालय जिलाधिकारी, कानपुर नगर।
OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE, KANPUR NAGAR
फोन नंबर (0512) 2306077 ईमेल- dmkanpur@nic.in
पत्रांक: 1158 /एसडी/2026 दिनांक: 14 नवंबर, 2026

कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश दिनांक 19 दिसम्बर, 2025 द्वारा दिनांक 14 जनवरी, 2026 को मकर संक्रान्ति पर्व के दृष्टिगत स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। प्रमुख सचिव महोदय, सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र दिनांक 12 जनवरी, 2026 के द्वारा मकर संक्रान्ति पर्व के पावन अवसर पर दिनांक 15 जनवरी, 2026 दिन गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 14 जनवरी, 2026 को घोषित किए गए स्थानीय अवकाश निरस्त कर दिया गया था।

अतएव पूर्व में दिनांक 14 जनवरी, 2026 को घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर छठ पूजा पर्व के अवसर पर दिनांक 16 नवम्बर 2026 दिन सोमवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। यदि शासन स्तर से उक्त पर्व को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो यह आदेश स्वतः निष्प्रभावी हो जायेगा।

(महेन्द्र सिंह तंवर)
जिलाधिकारी
कानपुर नगर।

प्रतिलिपि—उप निदेशक सूचना, कानपुर नगर को इस निर्देश के साथ कि समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में यह विज्ञप्ति निशुल्क प्रकाशित करवाएं तथा समाचार पत्र की एक प्रति कार्यालय में उपलब्ध करानें सुनिश्चित करें।

(महेन्द्र सिंह तंवर)
जिलाधिकारी
कानपुर नगर।

कानपुर। छठ पूजा पर्व के अवसर पर कानपुर नगर में 16 नवंबर 2026 (सोमवार) को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में संबंधित कार्यालय की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, छठ पूजा के पर्व को देखते हुए सोमवार, 16 नवंबर को स्थानीय अवकाश रहेगा। इस निर्णय से जनपद के संबंधित कार्यालयों एवं संस्थानों को निर्धारित आदेश के अनुसार अवकाश का लाभ मिलेगा। हालांकि, आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि शासन द्वारा 16 नवंबर 2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया जाता है, तो स्थानीय अवकाश से संबंधित यह आदेश स्वतः निष्प्रभावी माना जाएगा।

छठ पूजा के मद्देनजर जारी इस आदेश की जानकारी संबंधित अधिकारियों एवं आमजन तक पहुंचाई गई है।

— Pankaj Gupta, कानपुर

स्थानीय

सिकंदराराऊ: तेज रफ्तार मैक्स पिकअप ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर, दोनों गंभीर घायल; कोतवाली में तहरीर



सिकंदराराऊ रामनगर निवासी विजय सिंह अपने बेटे मोहित के साथ शनिवार सुबह करीब पौने आठ बजे नगला रति से सब्जी लेने जा रहे थे। गांव से आगे ट्यूबवेल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मैक्स पिकअप UP 81 BT 7089 ने उनकी साइड में आकर टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल से रेफर किया गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

— Harshit

बाल दिवस पर भारतीय किसान यूनियन (अमर टिकैत) की सराहनीय पहल, जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए कपड़े



बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने का किया प्रयास, पदाधिकारियों ने समाजसेवा का दिया संदेश

बाल दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (अमर टिकैत) के पदाधिकारियों द्वारा जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों के बीच कपड़ों का वितरण कर एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने बच्चों को वस्त्र वितरित किए और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।

टिकैत) के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र रोहित ठाकुर, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण पिप्पल जी, कार्यकारिणी अध्यक्ष अमन गौतम, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश तथा जिला कानूनी सलाहकार दुर्गेश बघेल जी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए और उनके साथ समय बिताया।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें समाज के प्रत्येक बच्चे के बेहतर भविष्य, शिक्षा, सम्मान और खुशहाल बचपन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी कराता है। समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा अभाव के कारण खुशियों से वंचित न रहे।

भारतीय किसान यूनियन (अमर टिकैत) की इस पहल के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि संगठन केवल किसानों की समस्याओं और उनके अधिकारों की आवाज उठाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

पदाधिकारियों ने कहा कि किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची मानवता है। समाजसेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि नेक सोच और सेवा भाव की आवश्यकता होती है।

बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।

भारतीय किसान यूनियन (अमर टिकैत) के पदाधिकारियों की यह पहल समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि संगठनात्मक जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना भी बेहद जरूरी है।

संदेश: किसान हितों की लड़ाई के साथ मानवता की सेवा, जरूरतमंदों की सहायता और समाज के उत्थान के लिए भारतीय किसान यूनियन (अमर टिकैत) सदैव प्रयासरत।

— L P

धर्म

छठ पूजा को लेकर हनुमान सरोवर का अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण, तैयारियों में जुटा नगर पंचायत प्रशासन पंकज त्रिपाठी ।



रूपईडीहा (बहराइच)। आगामी छठ पूजा पर्व को लेकर नगर पंचायत रूपईडीहा प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी श्री राम बदन यादव जी ने हनुमान सरोवर स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ पूजा को लेकर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों को पर्व से पहले सभी तैयारियां बेहतर ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

नगर पंचायत रूपईडीहा के कर्मचारी भी छठ पूजा की तैयारियों को लेकर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इस कार्य में सुजीत मिश्रा, पंकज कुमार त्रिपाठी, आदेश वर्मा, शैलेश पाठक, मनीराम यादव, सचिन पाठक, अभय कुमार पाठक, महेश कुमार वर्मा अनुभव श्रीवास्तव धर्मेंद्र वर्मा सहित अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

नगर पंचायत प्रशासन का प्रयास है कि छठ पूजा के अवसर पर हनुमान सरोवर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्व शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न हो सके।

नगर पंचायत प्रशासन की सक्रियता से छठ पूजा की तैयारियों को गति मिल रही है।

— Rajesh Mandal, नोएडा

बहेड़ी में 45वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर: 135 मोतियाबिंद जांच, 103 को मुफ्त दवा, 32 का पंजीकरण



बहेड़ी के गटूरे सेठ मार्केट में आज शनिवार को GWS और खिदमत-ए-इंसानियत संस्था के सहयोग से SRMS भोजीपुरा के डॉक्टरों के साथ 45वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।


सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में 135 लोगों की मोतियाबिंद जांच, 103 को मुफ्त दवाएं और 32 का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीकरण कराया गया।

आयोजकों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल इलाज नहीं, बल्कि उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जिन्हें सुविधाएं नहीं मिल पातीं। यह 45वां शिविर है और भविष्य में भी इसी तरह के शिविर चलाए जाएंगे।

शिविर से लौटते लोगों के चेहरे पर संतोष साफ दिख रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर गरीबों के लिए बड़ी राहत हैं, क्योंकि एक ही जगह जांच, दवा और ऑपरेशन की जानकारी मिल जाती है।

— Jeetesh Singh

माता रानी की कपा बानी रहे




भोलेनाथ जी की कृपा से हमारे जीवन की यात्रा सफल बनी रे

— Ranjeet Yadav

स्थानीय

गुजरा-पूजा गांव के चकमार्ग की दशा बिगड़ी, दस साल से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई



गुजरा-पूजा गांव के चकमार्ग की दशा बिगड़ गई है।


इस बिगड़ने के कारण दस साल से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

यह कठिनाई अब तक जारी है।

— Anurag Singh

स्थानीय

लखनऊ में 68,500 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले पर 75 दिन का धरना, अब भूख हड़ताल पर



लखनऊ के इको गार्डन में 68,500 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले के विरोध में 75 दिन से चल रहा धरना आज अपने 75वें दिन में प्रवेश कर गया है। लगातार 75 दिनों से अभ्यर्थी अपने संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण और न्याय की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, परन्तु अब तक उनकी समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ है।

लिए आशुतोष वर्मा सीतापुर (आंदोलन के नेतृत्वकर्ता) एवं उत्कर्ष सिंह पटेल, बस्ती भूख हड़ताल पर बैठे हैं। यह फैसला अभ्यर्थियों की लगातार अनसुनी हो रही मांगों और लंबे संघर्ष से उपजी निराशा को दर्शाता है।

एक तरफ अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह जी की सगाई के अवसर पर शहनाइयां बज रही हैं, ढोल-नगाड़ों के साथ खुशियों का स्वागत हो रहा है; वहीं दूसरी तरफ उन्हीं के विभाग से जुड़े 68,500 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले से प्रभावित अभ्यर्थी अपने अधिकारों की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हैं।

धरना प्रभारी नवीन चौधरी ने बताया कि वे स्पष्ट करना चाहते हैं कि "हम अभ्यर्थी किसी के निजी पारिवारिक समारोह या खुशियों के विरोधी नहीं हैं। हमारा सवाल केवल इतना है कि जब एक ओर खुशियों का उत्सव मनाया जा रहा है, तब दूसरी ओर शिक्षा विभाग से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे अभ्यर्थियों की पीड़ा और उनकी मांगों पर भी उतनी ही संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई जा रही?" उन्होंने यह भी कहा कि भूख हड़ताल के दौरान यदि किसी भी अभ्यर्थी के स्वास्थ्य को कोई क्षति पहुंचती है, तो इसकी नैतिक जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, संबंधित विभागीय अधिकारियों और सरकार की होगी।

आंदोलन के नेतृत्वकर्ता आशुतोष वर्मा ने कहा कि "68,500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण से संबंधित पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा हो, अभ्यर्थियों को उनका संवैधानिक अधिकार मिले और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, जिनकी वजह से हम अभ्यर्थियों के जीवन के 8 साल बर्बाद हुए हैं।" सरकार को अब इस आवाज को अनसुना करने के बजाय अभ्यर्थियों से संवाद कर न्यायपूर्ण समाधान निकालना चाहिए।

— Shiv Kant, लखनऊ

स्थानीय

नवादा प्रशासन ने वारिसलीगंज के छठ घाटों पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की



नवादा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शनिवार, 14 नवंबर 2026 को अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग ने वारिसलीगंज प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने सूर्य मंदिर छठ घाट, मटकोरवा छठ घाट, साम्बे गांव छठ घाट, अपसढ़ तालाब छठ घाट एवं दौलतपुर स्थित सकरी नदी छठ घाट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को छठ घाटों की समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।

एसडीओ ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि छठ महापर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, वारिसलीगंज थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

— Ramlakhan Kumar

नेटवर्क बेनकाब!



जौनपुर ब्रेकिंग

बक्शा पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के 7 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

चोरी के मोबाइल खरीदकर दिल्ली में बेचने का करते थे कारोबार।

939 मोबाइल फोन, 272 सिम कार्ड और 40 बोरी मोबाइल स्क्रैप पार्ट्स बरामद।

₹24 हजार नकदी, टाटा टियागो कार और एक बाइक भी बरामद।

पुराने मोबाइल के पार्ट्स से कस्टमाइज्ड फोन तैयार कर दिल्ली में बेचने का खुलासा।

साइबर अपराध और ठगी से जुड़े नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस।

बाइट - आतिश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

— Surya bhan singh

उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री Satish Mahana जी के निर्देशों के क्रम में संसदीय अनुश्रवण समिति की उपसमिति की बैठक सम्पन्न हुई



उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री Satish Mahana जी के निर्देशों के क्रम में संसदीय अनुश्रवण समिति की उपसमिति की बैठक सम्पन्न हुई

बैठक में समिति के माननीय सदस्य श्री शशांक वर्मा जी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य माननीय विधायक श्री Amitabh Bajpai जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ जाँच आख्या के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा प्रकरण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए स्थानीय स्तर पर स्थलीय जाँच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण ही हमारी प्रतिबद्धता है।

— Anurag Singh

स्थानीय

S.B.L.R.R. स्कूल, ककरिया में शिक्षा की उत्कृष्टता पर प्रकाश



एसबीएलआरआर स्कूल ककरिया, में स्थित है।

इस स्कूल को शिक्षा की उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है।

स्कूल की शिक्षा की गुणवत्ता ने स्थानीय समुदाय में प्रशंसा पाई है।

— Suvek Yadav

बहराइच पुलिस लाइन में बाल दिवस पर वामा खेलोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह



बहराइच पुलिस लाइन में बाल दिवस के अवसर पर वामा सारथी द्वारा वामा खेलोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वामा सारथी बहराइच की अध्यक्षा श्रीमती संयुक्ता श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया।

इस खेलोत्सव में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 32 प्रतिभाशाली बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनमें खेल भावना का विकास करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम से बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

— Pramod Kumar

धर्म

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने झिंगहा घाट का सुरक्षा निरीक्षण, छठ महापर्व के लिए तैयारियाँ सुनिश्चित



बहराइच, 14 नवंबर – छठ महापर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिये जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने शनिवार को झिंगहा घाट का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, पार्किंग एवं आवागमन के रास्तों की स्थिति देखी गई और संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने प्रमुख एवं संवेदनशील घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती, गहरे पानी वाले स्थानों की चिह्नित बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, तथा आवश्यकता अनुसार नाव, गोताखोर, एंबुलेंस और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

यातायात को सुचारु रखने हेतु निर्धारित पार्किंग स्थलों एवं मार्गों पर विशेष ध्यान देने, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता और पर्याप्त रोशनी की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी आज्ञा दी गई। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे निर्धारित सुरक्षित घाटों पर ही छठ मनाएँ और जल में उतरते समय सावधानी बरतें।

निरीक्षण में सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे और सुरक्षा एवं यातायात संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की पुनः पुष्टि की गई।

— Pramod Kumar

जनगणना–2027: स्वगणना की डिजिटल सुविधा से कानपुर बनेगा अग्रणी, 16 नवंबर से शुरू होगी ऑनलाइन प्रक्रिया



कानपुर। राष्ट्र निर्माण में डिजिटल भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनगणना–2027 के अंतर्गत नागरिकों को स्वगणना (Self-Enumeration) की डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके माध्यम से जनपदवासी घर बैठे स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

2026 तक चलेगी। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रशासन की ओर से समस्त जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे स्वगणना की ऑनलाइन सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने परिवार से संबंधित सटीक एवं सही जानकारी दर्ज करें। साथ ही डोर-टू-डोर सर्वेक्षण के दौरान घर पहुंचने वाले प्रगणकों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा उन्हें सही और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराएं।

विकास की योजनाएं तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सटीक आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर विकास योजनाएं बनाई जा सकती हैं। आइए, जनगणना–2027 में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और डिजिटल माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

— Pankaj Gupta, कानपुर